## यूनियन टेरिटरी

**केंद्रशासित प्रदेश की हमारी नीति**

भारत सरकार का यह प्रयास है कि **संघ राज्य क्षेत्रों को सुशासन एवं विकास का मॉडल**, और **आर्थिक समृद्धि का नया पथ-प्रदर्शक (आत्मनिर्भर अर्थवस्था) बनाया** जाए।" (श्री अमित शाह)

1. **संघ राज्य क्षेत्रों में फ्लैगशिप योजनाओ की 100% परिपूर्णता**
2. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन**
3. सभी **संघ राज्य क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस**
4. **संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाना** और **लागू करना जो संघ** राज्य क्षेत्र अपने लिए सबसे उपयुक्त मानते हैं ।

1. **संघ राज्य क्षेत्रों में बिजली वितरण का निजीकरण:**
   - **दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव** में
   - **चंडीगढ़ मे।**
2. **चंडीगढ़ के कर्मचारियों की सेवा शर्तों को केंद्रीय सिविल सेवाओं के अनुरूप बनाना**
   - **चंडीगढ़ के सभी कर्मचारियों की सेवा शर्तों को केंद्रीय सिविल सेवा के अनुरूप** किया गया
3. **दिल्ली में प्रशासनिक सुधार :**
   - **दिल्ली नगर निगम का एकीकरण**: दिल्ली के लोगों के **लिए अधिक पारदर्शिता, बेहतर शासन व्यवस्था और नागरिक सेवा को बेहतर ढंग** से प्रदान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।
   - **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन (GNCTD) संशोधन अधिनियम, 2021:**निर्वाचित **सरकार और उपराज्यपाल की जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से परिभाषित** करने और विधायिका तथा कार्यपालिका के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से, **संशोधन अधिनियम लागू किया गया|**
2. **दादरा और नगर हवेली तथा दमण तथा दीव संघ राज्यक्षेत्रों का विलय और विधि/विनियमों का विस्तार:**
   - प्रशासन को सुगम बनाने और सुशासन को बढ़ावा देने तथा एकरूपता लाने के लिए उठाया गया महत्वपूर्ण कदम|


3. एनआईसी / गृह मंत्रालय द्वारा विकसित **दिल्ली में खाने / रहने के प्रतिष्ठानों के लाइसेंस के लिए एकीकृत पोर्टल** का शुभारंभ
    - **एकीकृत पोर्टल पर कुल 17,909 आवेदन प्राप्त** हुए हैं, जिनमें से सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा **2,487 लाइसेंस / एनओसी / सहमति जारी की** गई है।
4. **सिलवासा में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना** की गयी
    - **331 पदों के सृजन के लिए भी अनुमोदन** प्रदान कर दिया गया है।
5. **कार्य प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक 2019-20:** संघ राज्य क्षेत्रों ने वर्ष 2018-19 में अपने कार्य-प्रदर्शन की तुलना में **समग्र शिक्षा के तहत प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक 2019-20 के अंतर्गत अपने प्रदर्शन** में भी काफी सुधार दिखाया है।

    **शिक्षा के क्षेत्र** में भी, समग्र शिक्षा के तहत Performance Grading Index 2019-20 के अंतर्गत **चंडीगढ़ ने ग्रेड 1++ हासिल किया** है। अन्य **संघ राज्य क्षेत्रों ने भी अपने Grades में सुधार दिखाया** है।
6. **कानून और व्यवस्था तथा जांच को दिनांक 01.09.2021 को अलग करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया–**
    - **जांच की गुणवत्ता में सुधार लाने और मामलों का समय पर निपटान सुनिश्चित** करने के उद्देश्य से लिया गया महत्वपूर्ण फैसला|
7. **फ्लैगशिप योजनायें**
    - **सभी संघ राज्य क्षेत्रों में 100% धन का अंतरण इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से|**
    - **चंडीगढ़, DNH&DD, दिल्ली और पुडुचेरी में आज हर वयस्क का बैंक** खाता है।
    - संघ राज्य क्षेत्रों में शत-**प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल किया जा चुका** है।
    - **लद्दाख, जम्मू - कश्मीर, दिल्ली, A&NI और चंडीगढ़** में **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत, 100% LPG कवरेज का लक्ष्य प्राप्त** कर लिया गया है|
8. **स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (A&NI), चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव (DNH&DD), पुदुचेरी, लद्दाख के **सभी क्षेत्रों में, घर-घर जाकर कचरा संग्रहण किया** जाता है। इसी प्रकार **A&NI, चंडीगढ़, DNH&DD, पुदुचेरी तथा लद्दाख केक्षेत्रों में शत्-प्रतिशत source segregation**है ।

9. **प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के तहत, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के लाभार्थियों को उनके नियमित मासिक NFSA खाद्यान्न के अतिरिक्त, और **मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया गया** है।
    - योजना के पांचवें चरण में, **चंडीगढ़ में 98% से अधिक खाद्यान्न वितरित किया** गया था। **छठवें चरण में, 92.5% वितरण का लक्ष्य हासिल कर लिया** गया है, जो अभी भी जारी है।
10. इसी तरह, **चंडीगढ़ में 2.76 लाख लाभार्थियों के** लिए **Direct Benefit Transfer** (DBT) आधारित **वन नेशन वन राशन कार्ड** (ONORC) सुविधा लागू की गई है।

## द्वीपक्षेत्र का समग्र विकास

**नीति**




**उपलब्धियां**

**इको टूरिज्म परियोजनाओं का विकास**

- **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह: लालाजी बे लॉन्ग आइलैंड, एवेस आइलैंड, स्मिथ आइलैंड और शहीद द्वीप** में **चार इको-टूरिज्म परियोजनाओं के विकास के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई** थी।

- लक्षद्वीप: लक्षद्वीप में **मिनिकॉय, कदमत और सुहेली द्वीपो में तीन इको-टूरिज्म परियोजनाओं** के विकास के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

**डिजिटल / ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी**

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सैटेलाइट बैंड विडथ को 2.118 जीबीपीएस से बढ़ाकर 4 जीबीपीएस तक बढ़ाया गया है।
- कोच्चि लक्षद्वीप द्वीपसमूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल परियोजना (KLI Project): इसे मई, 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**वैकल्पिक हवाई अड्डों का विकास और प्रचालन**

**अंडमान निकोबार**

- डिगलीपुर, अंडमान : 1.67 करोड़ प्रति वर्ष के वित्तीय अनुमोदन प्रदान
- शिबपुर, निकोबार : बुनियादी ढांचा तैयार
- पोर्ट ब्लेयर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा
- ग्रेट निकोबार द्वीप में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा
- कार निकोबार में सिविल एन्क्लेव

**लक्षद्वीप :**

- अगत्ती हवाई अड्डे का उन्नयन
- मिनिकॉय में हवाई पट्टी

**ग्रेट निकोबार और लिटिल अंडमान का समग्र विकास :**

**04 एंकर परियोजनाएं**

1. इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल (ICCT),
2. एयरपोर्ट,
3. पावर प्लांट और
4. टाउनशिप परियोजना

**प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति**

09 प्रमुख फ्लैगशिप / कल्याणकारी / विकास योजनाओं को संघराज्य क्षेत्रों द्वारा पूरी तरह लागू:

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
2. सिंगल यूज़ प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग (अधिसूचना जारी की गई)

3. डीबीटी (इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से फंड ट्रांसफर)
4. स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों की स्थापना
5. एक राष्ट्र एक राशनकार्ड (ओएनओआरसी) (कार्यान्वयन शुरू)
6. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) [चरणI -V)
7. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (एलपीजीकवरेज)
8. सौभाग्य योजना
9. संघराज्य क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना।